one city can create problems. I conceded that point. But I went one step further. That was whether we could create in Delhi itself some sort of an administration which could give satisfaction to the people. We have made various experiments. We have been making one experiment after another but without attending to two or three basic issues. One of course—it is a standing grievance of Delhi citizens—has been that there is no unification of the administration. Every new Act, every new law that we have brought has never attended to this problem. The end result is that only the names have changed—sometimes we; called it Metropolitan Council, sometimes we called it Assembly, sometimes we called it Corporation. We called it with one name or the other but the real issue did not attended to. One of the main issues, particularly in the sphere of civic life—I am attending to civic life first—has been that we have got a massive city now. It is one of the largest cities in the country, not only in the country but, perhaps, in the world. This needs a great deal of management, management not only in terms of administration, but in terms of public association with this vast expanding city. Every year, at every, turn of events, we find that the administration is going down. Today, unfortunately, we have come to a stage when we have acquired the distinction of this Capital of great India being the most polluted city in the country. We have been talking that pollution has been caused by traffic, by the increasing number of vehicles, etc. Yes, but what is the effort to contain it? I see nothing but advertisements issued from time to time. Besides this, we, in this House, hear statements from one Minister or the other or hear the traffic police saying, please dont' do this, please don't do that. There are cities in the world which are larger than ours, where traffic is far larger than ours and in those cities, pollution has been tackled. But the worst dimension of pollution is the type of garbage that you see here. It is very sad, you know, for those of us in this House, who have the privilege of sometimes travelling outside in various parts of the world, to see the lack of cleanliness here. Well, one can always find an excuse for not cleaning the city. One can always find] an excuse; well, the city is very large and! we are poor and, therefore, it has to be} a dirty city. Now, dirt squalor and litter are part of the city. We have to recon-cile with it. Then, of course, we can naturally say that there canont be any improvement. It could be said that this is one aspect, one dimension of the bad civic management. Nowhere in the world will you see such monumental garbages being piled on the roadside, where all the household garbage is first collected. Then, it stinks there for quite sometime and then it is removed, if at-all. For four decades—I may bring it to the notice of my worthy colleague, the Home Minister—seminar after seminar was held. I recall the seminars of 1960's. I recall the seminars of 1950's. We have the privilege of having Shri Jagmohan in this House who had, himself as Vice-Chairman of the DDA, called some seminars where we discussed that this could be upgraded. Nothing is done. Leave alone the whole city, even the New Delhi Municipal Committee, which is directly under the administration of the Centre, even there we have not tried to see that at least the environment around the Capital is improved, removal of garbage and litter is done somewhat more scientifically, somewhat more methodically. The net result is that as the time passes, the city becomes more and more dirty. The net result is pollution becomes the order of the day. The net result is, health hazards keep on increasing. The net result is, in every part of the city, you will find open drains. I will give one example—here I may sound somewhat personal—the area in which I live is South Delhi, which is thought to be one of the best administered areas in the city. A very huge *nulla* is flowing here. All types of diseases emanate from it. Three times I have personally gone to the Lt. Governor. Three Lt. Governors have changed in the meantime. I have gone to all these three Lt. Governors. Every time, we were told that this *nalla* would be covered because it was going to be somewhat of a commercial proposition. After covering the *nalla,* they would use the land so acquired for a purpose. But no action has been taken. This is one area. There are other areas which are worse than this. Today, you see newspapers reports, after the recent rains, about the type of lack of civic amenities. I saw that day that my colleague and friend, the Minister of State for Home Affairs, Mr. Sayeed could barely save himself from being drowned. I think he was about to be drowned in a street. If he got drowned, the local people would have seen to it that he did not come back alive. It is not because there is anything against him. It is because they are really fed up. A stage will come when people will do this and that has happened several times. A stage comes in the lives of the cities that the people just get fed up. When we started this city, it was a planned city and, thanks to the late Jawaharlal Nehru, we also decided, after partition that the city should grow according to a method and we thought that a methodical growth would be there. We had the First Master Plan and we had the Second Master Plan. We had the DDA then. What is the shape

of things? Master Plans are more flouted than followed. With regard to the Master Plans, every political party—I include this side of the House also— takes pride in saying that they would do this and they would do that at the time of elections and when they come to power, the first thing they do is to try to see how best to defeat the Master Plan. How do we save the city like this ? Here I would like to make a reference to Mr. Jagmohan and pay compliments. Unfortunately, he went into politics which he should not have done, because he was one of the best city administrators that I have known in the world. I am saying this since I know him, not only as a colleague and friend here, but also as the former Vice-Chairman of the DDA. When I was responsible for the Ministry of Works and Housing, he was the Vice-Chairman of the DDA and I have seen, given the will, how much good work can be done. But what, unfortunately is happening is that that will is lacking. Therefore, we go on making a plethora of laws and a plethora of rules and regulations which do not take us anywhere. Therefore, I want to draw your attention, Mr. Minister, to the stinking and sinking city that our Capital has come to be and I think that unless you possibly do something—do not give a proforma reply— and unless at your level and at the level of your Minister, Mr. Sayeed, who is otherwise well educated in the civic sense, you definitely pay some attention to this, things will become worse. This Capital city is the pride of our India and the pepole should definitely derive some sort of inspiration from this city. Can any citizen of India, who-comes to Delhi and goes back, say, "I have been to the Capital of India which is better than my city"? And, Sir, this is something which we should look into.

The difficulty at the moment is that the Municipal Corporation of Delhi is one dimension and there is the smaller dimension, the NDMC is totally administered by one person. There were years when we had at least nominated members when I had the privilege of being a nominated member of the NDMC for several years. At the time of the British, the practice was changed and they decided to bring in eminent citizens as nominated members of the NDMC. Now, we are a democratic society and therefore, we thought that we should have elected members. Whether elected or nominated there is the Administrator or President, whatever you may call him. But what is the result? Mr. Minister, you or your colleagues should go into the city and come "back and see whether the NDMC maintenance of roads, sanitation etc. is better than in the stinking and sinking part of the Municipal Corporation of Delhi. Why not bring in some citizens whom you rely on and who have your patronage? Your party may get some votes also. So, bring in *some* people whom you rely on. Kindly look into this question.

Now, come to the question of the Municipal Corporation. You see, from the very beginning, I was saying that we have been thinking in terms of having some sort of administration here. The world today has known only two types of city administration—one is the weak-Mayor cities and the other is the strong-Mayor cities. For forty years, we have had only a weak-Mayor city. We give all the powers to the Commissioners. But have they delivered the goods? . For the last two or three years particularly, can anyone justify the bad state of affairs on this basis that the party members, elected members do not allow the Commissioner to function? For the last three or four years there has been no election. There has been the Administration and no interference from the people's representatives. But have things improved then? Have the Commissioners delivered the goods? Have the nominated people, I mean, the bureaucrats, to whom you have handed over the city, done something better for the city? They have not done anything. Then how do you believe that under the new set-up that you are thinking of things would be much better than now? Mr. Jagmohan started a new experiment in making the city a strong-Mayor city. At the time of Mr. Gulzari Lal Nanda, we had also thought of the idea of trying to have a. Cabinet-type council to the Mayor. We thought of giving powers to the Mayor and giving him a Cabinet-type Council so that they could manage the city. But again you have gone back. And, particularly, we have gone back in a year and on a day when, I think, we are celebrating tomorrow the birthday of a very important citizen of India, Mr. Rajiv Gandhi. And you are taking pride in the type of Bills that we are passing and in a new system. I have before me the Constitution. (Seventy-fourth) Amendment Bill in which you are thinking of giving more powers to the civic bodies and, at the same time, you are passing a law which totally denies these powers to the elected members. What is the idea? Why do have this type of a farse played before us? A large number of Members will be elected. They will have no powers at all. The Mayor will be ceremonial, whether it is a lady or a man. And then you go on thinking that these very Commissioners and this very plethora of bureaucrats will make the city administered better. I have my grave doubts. And I have before me the experience of last four decades. And I have also the experience of having been

the Vice-President of the New Delhi Municipal Committee and also the Minister in charge of what you call the Ministry of Housing and Works. Therefore, may I suggest...(Time bell). Give me a few more minutes, Sir. Therefore, don't stick to the idea that since you have made up your mind to go along a certain path, you don't wish to improve the fate of the city.

Similarly, I would say about this thing, the DDA. For several years, we have been discussing that DDA has become totally unmanageable—housing, land acquisition, city planning, etc. Debate after debate, seminar after seminar, symposia after symposia have been held in the city to try to think that the DDA should be split into two or three parts. There has been no action. The result is that there is a strange type of cynical indifference on the part of the Union Government to the affairs of the city. And I want to go to another dimension of our city life. And I hope, it has come to your notice. And that is, all is not well in the city's empire. There is corruption. One can say, all right, corruption is a universal phenomenon, it is an international phenomenon, corruption is also there at the high levels in politics, highest people in the country are now accused of corruption, and so, why worry if somebody else is corrupt. In my 40 years of living in this citv, I do not know any other era when the Municipal Corporation was more corrupt than today, when it is more brazenly corrupt, when it is more openly corrupt. If you. Mr. Minister, spare about half an hour one day—don't tell that Mr. Chavan is going to visit such and such area—and go round the city and ask the people what they think of the corruption, they will tell you—and I can tell you—that nothing can be done in the city, whether you want a water connection or you want an electric connection or you want a sewer connection or you want to get your house plan approved or you want to get your completion certificate, nothing can work except by giving money, howsoever high and mighty you may be. Maybe, Mr. Minister, if you build a house, they may not ask you for money. But God is kind to you. YOU are not building a house. Don't do it. It is very dangerous to build a house in the city because you will be asked to pay money for everything. And how had it happened ? Primarily it is because—I would not say primarily—partly it is because the local people have no say in the matter. You have made the bureaucrats so powerful and they are all in league. And that is why I say that the things are not so good. You are taking away DESU and Water. That does not mean that you are going to change things. DESU is highly corrupt. And I do not know how you are going to change it. Same people will go on administering it. The only thing will be that even a few elected members of the Municipal Corporation will have no say in the matter. Therefore, again, you are taking it away thinking that the bureaucratic system is the best system. It is a very ironical situation. We the elected Members of Parliament, we the elected Members of the Assembly, somehow or the other, continue to believe that the worst disease for the country is the elected member. Therefore, we try to think that the elected members cannot do anything, the bureaucrats can deliver the goods. Even then, we go on seeing things before our eyes. And, Sir, you kindly give me a couple of minutes to talk about the Bill itself.

Sir, in the Bill, I see something strange. There are two points, particularly. One is, of course, you are talking in terms of it that the total shall not exceed 184. Why not? What is sacrosanct about it? If you cannot manage the population, if the population is going to increase, whose fault is it? We had frozen the membership of Lok Sabha for a different reason altogether. I hope you recall that we decided to freeze it—one, because the hall could not be expanded indefinitely and secondly, it was antifamily planning. But in the civic sphere, you cannot have that. As a matter of fact, the better thing for Delhi would have been if you had split Delhi into 4-5-6 municipalities and kept two or three subjects under the Centre, either under the Assembly you are creating or under the centralised mayor. But anyhow you have not done it. Therefore now you are going *to* make these constituencies so large and so unmanageable. The essence of good administration of civic life is that every elected member should be accessible to every electorate, to every person. He should be a next door man to whom one can go and tell where the shoe is pinching. But you are making the constituencies so large that you do not know the next door man, he may be remote because he is elected on the basis of a very large constituency. I think this needs attention once again.

You have taken the provisional population figures. Again it is the same thing when you say that it will be the basis. But is it not our experience that Delhi is expanding very fast? Is it not our experience that the projected population by the end of the century is going to be much larger that it is today? Is it not

our experience that the way we are expanding, the municipal corporation is bound to be more inefficient and more ineffective than it is today?

You have also said in one amendment that you will reserve seats for women. I welcome the idea. But you say that the Government will decide, which seats and where. Why should the Government decide? Why can't the municipal committee itself decide? Why can't the elected members there decide? Why can't this power be given to them? At every stage we are going to bring in the Government. This is one of the difficulties of Delhi life because you do not let the autonomous corporation, the autonomous civic life come up in the city. Lesser the autonomy, more is the interference of the Government and the end result is that what we are talking of all the time of what you call the new amendments or the new dream of village life, becomes a farce. Therefore, at least in Delhli, we must do something about it.

We are also talking of dissolution. I think one of the major failure of civic life in Delhi and elsewhere in the country has been this power to dissolve the elected corporation. I would rather feel that something else is thought about it because of the way it has been practised. *In 40 years, how many times* and for what reason have the Delhi Corporation or the municipal committees been dissolved? I have also had the privilege of sitting on that side of the House and I can say that mostly it has been dissolved for political reasons, not for civic reasons. In this context, the interesting part of it is that while the municipal committee or the corporation can be dissolved at your *sweet* will, it says that the Commissioner shall not be removed from the office except in the manner or the ground the Election Commissioner is removed. They are like the High Court Judges. Now you are creating one more Mr. Seshan. We had one enough and you are creating one more man on the pedestal. Who will select the Election Commissioner? How will he be selected ? Will it be the discretionary power of the Government only or do you want to create a panel here? At least make an experiment. Involve the local people. Involve the corporation mayor in it. Involve the locally elected people so that they can decide what type of Commissioner you should have.

Finally, the administrator's powers are diabolical once again. Again this is a plethora, *Corporation does not function* because the Commissioner is not there. Elected members cannot function. Central Government comes in on several occasions. The Administrator comes in on more than one occasion. Therefore, the total picture that is emerging before us is that we are going to have one more organisation that is bound to fail to deliver the goods and that is bound to frustrate us *still* further. As a citizen, I strongly protest against this.

श्री ब्रह्मदेव आनन्द पासवान (बिहार) : उपसभाध्यक्ष महोदय, मेरा एक व्यवस्था का प्रश्न है । मुझे चिट्ठी लिखने की जरुरत पड़ी और मैं जब लेने के लिए स्टोर गया ..

उपसभाध्यक्ष (श्री शंकर दयाल सिंह) : यह व्यवस्था का प्रश्न कहां है ।

श्री ब्रह्मदेव आनन्द पासवान : हां, है ।

उपसभाध्यक्ष (श्री शंकर दयाल सिंह) : ब्रम्हदेव जी आप बैठिये ।

श्री ब्रह्मदेव आनन्द पासवान : नहीं, नहीं । लोकसभा में ..... (व्यवधान)

श्री चतुरानन मिश्र (बिहार) : ये प्रिविलेज का प्रश्न रख रहे है कि एक जगह स्टैम्प्ड पोस्ट कार्ड मिलता है लोक सभा में और यहां मिलता है अन-स्टैम्प्ड ।

उपसभाध्यक्ष (श्री शंकर दयाल सिंह) : सुन लीजिए ब्रम्हदेव जी ..

श्री ब्रह्मदेव आनन्द पासवान : आप सुन लीजिए ।

उपसभाध्यक्ष (श्री शंकर दयाल सिंह) : एक मिनट आप बैठ जाइये ।

श्री ब्रह्मदेव आनन्द पासवान : यहां अंग्रेजी में मिलता है वहां हिंदी में मिलता है । मैंने कहा कि मुझे हिंदी में चाहिए, कहा कि नहीं मिलेगा राज्य सभा में ।

उपसभाध्यक्ष (श्री शंकर दयाल सिंह): अच्छा ठीक है । सुन लीजिए । यह बात मैं सेक्रेटेरियेट को कह देता हूं । ये सारी बातें जब-तब नहीं उठानी चाहिए । आप एम०पी० है । आप लिख देंगे और नोटिस आफिस में दे देंगे तब भी उसकी सुनवाई हो जाएगी । आप इसको नोटिस आफिस में दे दीजिए उस पर सुनवाई हो जाएगी ।

श्री ब्रह्मदेव आनन्द पासवान : नहीं । उन्होंने कहा कि हिंदी में छपता ही नहीं है, अंग्रेजी में ही छपता है । इसीलिए मैं कहता हूं ।

उपसभाध्यक्ष (श्री शंकर दयाल सिंह) : ठीक है । उसके लिए भी आप कह दीजिए । श्री विश्वजीत पृथ्वीजित सिंह । उपस्थिति नहीं है । श्री सत्य प्रकाश मालवीय ।

श्री सत्य प्रकाश मालवीय (उत्तर प्रदेश) : माननीय उपसभाध्यक्ष जी, यह जो दिल्ली म्युनिसिपल कारपोरेशन (संशोधन) विधेयक है, इसके आने के पहले मैं यह समझता था कि जो पुराना दिल्ली नगर निगम विधेयक है या अधिनियम है उसमें काफी सुधार किया जाएगा और सही मायने में दिल्ली के नागरिकों को स्वयं शासन करने का अधिकार दिया जाएगा। लेकिन इसको पढ़ने के बाद मैं इस नतीजे पर पहुंचा हूं कि यह दिल्ली के नागरिकों के साथ एक बहुत ही क्रूर मजाक है और इसमें जो दिल्ली के विधिवत् निर्वाचित उनके मेम्बर्स होंगे या मेयर होंगे उनको कुछ भी अधिकार नहीं दिये गये है। आजादी के पहले इस देश में जब अंग्रेजों का शासन था तो ये जो स्वायत्त सेवी संस्थाएं या स्थानीय निकाय थे यहीं पर उस समय हमारे देश के बहुत बड़े-बड़े सेनानी म्युनिसिपल कारपोरेशंस के मेम्बर्स होते थे और ये एक प्रकार से परीक्षण का केन्द्र रहते थे। लेकिन यह जो आज विधेयक लाया गया है इसका मैं पूरे तरीके से विरोध करता हूं और उसके लिए मेरे पास बहुत से कारण भी है। मैं विस्तार में नहीं जाना चाहूंगा। लेकिन जो इसके प्रावधान है केवल मैं उनकी चर्चा करना चाहता हूं। पहली बात इसमें दी हुई है —

> "The Corporation shall be composed of the councillors;
>
> the following persons shall be represented in the Corporation. namely :—
>
> ten persons, who are not less than 25 years of age and who have special knowledge or experience in municipal administration to be nominated by the Administrator."

एडमिनिस्ट्रेटर के लिए कहा गया है कि जो दिल्ली के उप राज्यपाल या लेफ्टिनंट गवर्नर होंगे वे ही एडमिनिस्ट्रेटर है। जैसा कि सभी को विदित है कि जो दिल्ली के उप राज्यपाल हैं वे केन्द्र सरकार द्वारा नियुक्त व्यक्ति होते हैं। तो ऐसे व्यक्ति को कारपोरेशन के दस लोगों को नामांकित करने का अधिकार देना कहां तक उचित है। इसका मैं कोई भी औचित्य नहीं समझता हूं। आप नामांकन का अधिकार दीजिए लेकिन मेरी समझ से यह अधिकार जो कारपोरेशन के चुने हुए सदस्य है उन्हीं को आपको देना चाहिए। दूसरा पहले इसमें एल्डरमैन का प्रावधान रहा करता था, उस एल्डरमैन के प्रावधान को जहां तक मैं समझ सकता हूं आप हटा रहे हैं इसलिए मैं इसमें तनिक भी औचित्य नहीं मानता हूं कि जो व्यक्ति केन्द्र सरकार द्वारा नियुक्त किया गया हो उस व्यक्ति को दिल्ली के दस सदस्यों को नामांकित करने का अधिकार दिया जाए।

दूसरा जो कारपोरेशन है इसको भंग करने का भी प्रावधान किया गया है। अभी गुजराल जी के भाषण को मैं बड़े ध्यान से सुन रहा था। उन्होंने स्वयं इस बात पर ध्यान आकर्षित किया है। जब से दिल्ली कारपोरेशन एक्ट बना है तब से लेकर आज तक यदि गिना जाए वर्षों को तो ज्यादा वर्षों तक दिल्ली का जो कारपोरेशन है वह लम्बित रहा है, कम अवधि के वर्षों तक दिल्ली में निर्वाचित कारपोरेशन या निर्वाचित सदस्य रहे है और आपने इसमें कोई कारण नहीं दिखाया है कि कारपोरेशन यदि भंग किया जाएगा तो क्यों भंग किया जाएगा, क्या उसके कारण रहेंगे ? इसलिए इसमें भी सुधार करने की जरूरत है। कोई बहुत ही विषम परिस्थितियां हों, कोई बहुत ही आपत्काल परिस्थितियां हों तो मैं इस बात को मानता हूं कि यह अधिकार होना चाहिए। लेकिन यह अधिकार इसके हिसाब से आपने अपने हाथ में लिया है। दिल्ली की विधान सभा बनने जा रही है। वहां पर जनता द्वारा चुने गए प्रतिनिधि होंगे। वहां पर एक लोकप्रिय सरकार होंगी। तो पहली बात तो बहुत ही विशेष परिस्थितियों में आपको कार्पोरेशन को निलंबित करने का अधिकार रखना चाहिए और वह भी जो निर्वाचित लोग हों, उनके जो प्रतिनिधि हों, उनके हाथ में अधिकार देना चाहिए।

तीसरे, इसमें आपने चुनाव आयोग की चर्चा की है। दिल्ली की जो नैशनल कैपिटल, टैरिटरी आफ् दिल्ली होगी उसके लिए चुनाव आयोग की नियुक्ति की जाएगी और उस चुनाव आयोग की नियुक्ति कौन करेगा ? वही एडमिनिस्ट्रेटर, प्रशासक यानी कि दिल्ली के लैफ्टिनेंट गवर्नर। इस प्रावधान में भी मुझे बहुत दुख और बहुत कड़ी आपत्ति है कि दिल्ली के लै० गवर्नर के चुनाव आयोग की नियुक्ति करने का आप अधिकार देंगे। चुनाव आपको कराना है, चुनाव निष्पक्ष हो, चुनाव भय-रहित वातावरण में हो, इसलिए चुनाव आयोग होना चाहिए। लेकिन चुनाव आयोग की कौन नियुक्ति करेगा, वह अधिकार आप लै० गवर्नर को मत दीजिए। उनको नियुक्त करने के लिए जब इस देश में चर्चा चल रही है कि वर्तमान में जो चुनाव आयोग है इनको नियुक्ति करने की प्रक्रिया में बदलाव होना चाहिए। केवल जो कार्यकारी हैं, उनके हाथ में अधिकार नहीं रहना चाहिए। इसलिए मेरा सुझाव है कि इसके संबंध में भी आप सोचें और पुनर्विचार करें। लेकिन दिल्ली के चुनाव आयोग की नियुक्ति करने का अधिकार यहां के लैफ्टिनैन्ट गवर्नर को आप दें, इसको मैं किसी भी तरीके से उचित नहीं मानता हूं।

दूसरे, इसमें कोई व्यक्ति, यदि उस के खिलाफ शिकायत आती है, उस चुने हुए व्यक्ति के खिलाफ तो आप ने इस बात की व्यवस्था जरूर की है कि चुनाव आयोग के पास लै० गवर्नर भेजेंगे और लै० गवर्नर और चुनाव आयोग जो कुछ भी फैसला करेंगे, उसके हिसाब से काम करेंगे । मेरी समझ से इसमें भी परिवर्तन और संशोधन करने की आवश्यकता है ।

मैं एक और बात की भी सफाई चाहूंगा कि जहां पर आपने यह कार्पोरेशन को भंग करने की व्यवस्था रखी है तो मैं यह समझ पाया हूं कि पहले तो उसको शायद आपने बदल दिया है जिस वक्त इंट्रोड्यूस किया था, लेकिन ऐसा लगता है कि चुनाव आयोग और यह कार्पोरेशन जो होगा ..... (व्यवधान)

श्री रजनी रंजन साहू (बिहार) : उपसभाध्यक्ष महोदय, यह 4.00 बज गए हैं और चार बजे लिस्ट आफ बिजनेस में ड्रग पालिसी को लिए जाने के बारे में है, तो इसको कल किया जाए या आज ?

गृह मंत्री (श्री एस० बी० चव्हाण) : मेरी आपसे प्रार्थना रहेगी कि यह बिल पहले पूरा किया जाए, उसके बाद उसे लिया जाए ।

उपसभाध्यक्ष (श्री शंकर दयाल सिंह) : इसे पहले हो जाने दीजिए और अब यह तो बहुत कुछ हो गया है ।

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF CHEMICALS AND FERTILIZERS (SHRI EDUARDO FALEIRO) : Just a minute, Mr. Vice-Chairman. How long will it take ? I am having the same thing .....

SHRI S. B. CHAVAN : Half an hour more.

SHRI EDUARDO FALEIRO : So, if you give me time at five O'clock, I will come here at five O'clock.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SHANKAR DAYAL SINGH) : Within half an hour you may come.

SHRI EDUARDO FALEIRO : My Bill is there in the Lok Sabha.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SHANKAR DAYAL SINGH) : So. please go.

SHRI EDUARDO FALEIRO : So, at what time should I come ?

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SHANKAR DAYAL SINGH) ; Please come after half an hour.

मालवीय जी, अब आप इसे तुरन्त समाप्त कर दीजिए । ..... (व्यवधान)

SHRI RAJNI RANJAN SAHU: Let him introduce it and go.

उपसभाध्यक्ष (श्री शंकर दयाल सिंह) : बीच में नहीं । ..... (व्यवधान)

श्री सत्य प्रकाश मालवीय : नहीं, यह तो प्रस्ताव हो चुका है ।

He has already moved it last evening. You were not present, Mr. Sahu.

मैं यह निवेदन कर रहा था कि जो जनता द्वारा चुने हुए प्रतिनिधि हैं उन के कार्यकाल को समाप्त करने का अधिकार जिस प्रकार से इस विधेयक में दिया गया है यह अलोकतांत्रिक है और जनतंत्र के सिद्धांतों के विरुद्ध है । इसलिए इस प्रावधान को इस विधेयक से हटा देना चाहिए । जैसा कि मैंने शुरू में कहा है जो इसमें जनता द्वारा चुने हुए प्रतिनिधि होंगे, सदस्य होंगे या जो मेयर हैं, उनको आपने कोई भी अधिकार नहीं दिया है । मेयर केवल कार्पोरेशन की जो बैठकें हैं उनकी अध्यक्षता करेगा और इसके अलावा इस सारे अधिनियम को पढ़ने के बाद मैं इस नतीजे पर पहुंच चुका हूं कि उनको तनिक भी अधिकार नहीं है और जितने भी अधिकार हैं वह आपके नौकरशाही के जो लोग हैं, जो सरकारी अधिकारी और कर्मचारी हैं, उनको आप दे रहे हैं । इसलिए मेरा निवेदन यह है कि इस विधेयक को आप वापस लीजिए । और उसको वापस लेने के बाद सही मायने में जो एक स्थानीय निकाय वाला विधेयक हो, जिसमें कि लोकल बोडी के सदस्यों को अधिकार हो, मेयर का अधिकार हो, अगर दिल्ली मेयर का प्रोवीजन है उनका अधिकार हो, इस तरह का एक नया विधेयक आप लाइए । यह आप इसी सत्र में इसी सदन में कर सकते हैं । इसमें कोई विलंब करने की जरूरत नहीं है । इन्हीं शब्दों के साथ मैं इस विधेयक का अपनी पूरी शक्ति के साथ विरोध करता हूँ ।

श्रीमती सरला माहेश्वरी (पश्चिमी बंगाल) : माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, दिल्ली नगर के प्रशासनिक ढांचे का अपना इतिहास है । जब मैं इस पर नजर डालती हूँ तो मुझे यह लगता है कि दिल्ली नगर का इतिहास एक के बाद एक मनमाने ढंग से किए गए प्रयोगों का इतिहास है, जनतंत्र बनाम नौकरशाही की रस्साकशी का इतिहास है और जनतंत्र बनाम नौकरशाही की हर रस्साकशी के बाद मैं जनतंत्र को लहूलुहान होकर कोने में पड़ा सिसकता महसूस करती हूँ ।

उपसभाध्यक्ष महोदय, दिल्ली नगर निगम के प्रशासनिक ढांचे पर जब हम बात कर रहे है तो सबसे पहले इस बात की ओर मैं जिक्र करना चाहूंगी कि दिल्ली प्रशासन के साथ अब तक अभिनव प्रयोग किए जाते रहे हैं । अगर हम 1947 से देखें तो सन् 1947 में जब हिन्दुस्तान आजाद हुआ दिल्ली पर भारत सरकार का कब्जा था और आजादी के संघर्ष के दौरान जो जनतंत्र का मूल्य हमने हासिल किया उस मूल्य के चलते चारों ओर स्वशासन और जनतंत्र की घोषणाएं होने लगीं और उसी पृष्ठभूमि में यह आवाज भी उठी कि आखिर दिल्ली के लोगों ने कौनसा अपराध किया है जो दिल्ली के लोगों को जनतंत्र का अधिकार नहीं मिलेगा । इसी परिस्थिति में डॉ० पट्टाभि सीतारमैया के नेतृत्व में एक कमेटी का गठन हुआ । सन् 1952 में दिल्ली को एक विधानसभा मिली और एक लेफ्टिनेन्ट गवर्नर भी मिला । यह व्यवस्था सिर्फ चार साल तक ही चल पाई थी कि सन् 1956 में फिर उसको बंद कर दिया गया । राज्य पुनर्गठन आयोग की सिफारिश पर दिल्ली मैट्रोपोलिटन कौंसिल बनाई गई । उसके साथ ही जब पट्टाभि सीतारमैया की सिफारिशों पर बात हो रही थी उसी समय हमारी संविधान निर्मात्री सभा के पास यह चर्चा उठने लगी थी कि हमारी राष्ट्रीय राजधानी पर संघीय सरकार का कब्जा रहना चाहिए या उसका नियंत्रण रहना चाहिए । उसी के चलते दिल्ली के प्रशासनिक ढांचे को लेकर लगातार अभिनव प्रयोग किए जाते रहे । इन प्रयोगों का सिलसिला जो चला तो कभी रुका नहीं । सन 1966 में दिल्ली प्रशासन द्वारा कानून पास करके प्रशासनिक ढांचे में एक और परिवर्तन किया गया । मैट्रोपोलिटिन कौंसिल बनाई गई । उसके बाद फिर 1971 में परिवर्तन किया गया, फिर 1977 में परिवर्तन किया गया । फिर 1987 में बालकृष्णन के नेतृत्व में एक कमेटी का गठन किया गया और उस कमेटी की सिफारिशों के आधार पर तथा संविधान के 73 वें संशोधन के आधार पर आज हमारे गृहमंत्री महोदय यह संशोधन बिल लेकर आए हैं ।

महोदय, मुझे बहुत अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि आज तक दिल्ली प्रशासन के साथ जो अभिनव प्रयोग किए जाते रहे है नौकरशाही और जनतंत्र के बीच तालमेल बैठाने के लिए और गृह मंत्री महोदय आज जो यह संशोधन विधेयक लेकर आए है उस संशोधन विधेयक की जो सबसे बड़ी खासियत है वह यह है कि यह विधेयक या संशोधन विधेयक एक तरफ विकेन्द्रीकरण का गौरव और दूसरी तरफ केन्द्रीकरण का सुख, विकेन्द्रीकरण का गौरव और केन्द्रीकरण का सुख, दोनों को समान रूप से भोगने की हमारी केन्द्रीय सरकार की जो मशक्कत रही, जो कसरत रही, यह उसी का एक अभिनव नमूना है, जो "आधा सीतर आधा बटेर" के रूप में यह दिल्ली म्युनिसिपल कारपोरेशन (अमेंडमेंट) बिल हमारे सामने आया है । मुझे इस बात में कोई संदेह नहीं है कि यह दिल्ली नगर निगम (संशोधन) बिल जो लाया गया है, यह वास्तव में नौकरशाही के इशारे पर लाया गया है और वास्तव में जनतंत्र की हमारी जो एक आकांक्षा थी कि दिल्ली की जनता की आशा और आकांक्षाओं की पूर्ति करते हुए उसे जनतांत्रिक अधिकार दिए जाए वह आशा कहां तक इस विधेयक के जरिए प्रतिफलित होगी, इसके बारे में मुझे संदेह है । शुरू से ही हमारी दिल्ली की सरकार पर नौकरशाही का दबदबा रहा है और नौकरशाहों की हमेशा यह मंशा रही है कि राष्ट्रीय राजधानी पर तथा दिल्ली की सरकार पर इस तरह नौकरशाही का कब्जा बना रहे क्योंकि वही ढांचा उन्हें पसंद आता है और यही प्रतिछवि हमें आपके इस विधेयक में भी नजर आई है ।

उपसभाध्यक्ष महोदय, सबसे पहली बात तो मैं इस विधेयक के संबंध में कहना चाहूंगी कि इसका कुछ सकारात्मक पक्ष निश्चित रूप में है । हमारे गृह मंत्री महोदय ने 73 वें संविधान संशोधन की रोशनी में पार्षदों में 30 प्रतिशत स्थान महिलाओं के लिए सुरक्षित रखे है, इसका तो मैं उनका स्वागत करती हूँ । लेकिन जैसा मैंने कहा कि यह आधे-अधूरेपन का एक स्पष्ट उदाहरण हमारे सामने है । एक तरफ तो मंत्री महोदय महिलाओं को 30 प्रतिशत स्थान देते हैं और नगर निगम के पांच वर्षों के काल में पहला वर्ष महिला के लिए सुरक्षित करते है मेयर के रूप में, लेकिन काल क्या है ? सिर्फ एक वर्ष । क्या महिलाएं आभूषण की चीज है कि उन्हें अलंकृत कर दिया जाए । एक वर्ष में महिलाएं क्या दे पाएंगी कारपोरेशन को ? हमारे यहाँ का तो इतिहास रहा है कि एक-एक नगर निगम मेयर के पास में जाने जाते रहे है । अब अगर हमारे गृह मंत्री महोदय यह प्रावधान लेकर आए है तो मैं समझती हूँ कि इस तरह एक वर्ष के लिए महिला, एक वर्ष के लिए ए० सी० एस० टी०, इससे मेयर का तो कोई प्रभाव ही नहीं रहेगा और कारपोरेशन पर नौकरशाही का ही कब्जा रहेगा । इसलिए मैं चाहूंगी कि हमारे गृह मंत्री महोदय इस पक्ष पर सोचे और आप जो भी व्यवस्था करें कम से कम पूरे काल के लिए करें । महिलाओं के लिए भी करे तो पूरे काल के लिए करें, इस तरह की व्यवस्था मैं चाहती हूँ । इसके साथ ही साथ जो इसका सबसे नकारात्मक पहलू है, वह यह है कि हमारे गृह मंत्री महोदय ने इस विधेयक में यह प्रावधान रखा

है ...(समय की घंटी)... एक नगर पालिका का या नगर निगम का जो मूलभूत अधिकार होता है—पानी की आपूर्ति, मैला उठाना, हाउसिंग का निर्माण, ये तमाम चीजें इस बिल में कहीं परिभाषित नहीं की गई और इसके लिए कहा गया है कि इसके लिए डिफरेंट एजेंसियां होंगी, अलग एजेंसियां होंगी, लेकिन ये एजेंसियां क्या होंगी, इनका स्वरूप क्या होगा, इसका कहीं कोई उल्लेख हमें मिलता नहीं है । जाहिर है कि आज हमारी केन्द्रीय सरकार जिन नीतियों की ओर चल रही है, निजीकरण की जिन नीतियों की ओर, उन नीतियों का प्रतिफलन इस पर भी होगा और आज हम ऐसे सिद्धान्तकारों को जरूर पाते है जो लगातार नई-नई घोषणाएं करते रहे है कि अब चुने हुए प्रतिनिधियों की, मनोनीत सदस्यों की, निर्देलीय सदस्यों की जरूरत नहीं है, आज जरूरत इस बात की है कि विशेषज्ञों के हाथ में सब चीजें दे दी जाएं । विशेषज्ञों के हाथ में अगर सब चीजें दे दी जाएं तो कारपोरेशन का क्या मतलब रहेगा ? नगर निगम का मतलब यह रहेगा कि वह खाली टेंडर बुलाएगा और टेंडर पर निर्णय लेगा, निविदाएं जारी करेगा । यदि यह अधिकार आप नगर निगम को देना चाहते है तो यह जनतंत्र के नाम पर केवल एक धोखा है और कुछ नहीं है ।

उपसभाध्यक्ष महोदय, दिल्ली की जो हालत है, करोड़ों-अरबों रुपए खर्च किए जाते है लेकिन आज नागरिक सुविधाओं के नाम पर दिल्ली शून्य है । चारों तरफ प्रदर्शन हो रहे है—पानी नहीं है, बिजली नहीं है, झुग्गी-झोंपड़ियों को उजाड़ा जा रहा है । उपसभाध्यक्ष महोदय, पिछले कई वर्षों से दिल्ली के नगर प्रशासन के बारे में सी० ए० जी० की रिपोर्टों को मैं देख रही हूं । आप आश्चर्य करेंगे कि सी० ए० जी० की हर रिपोर्ट में ऐसी 30 से 32 घटनाएं गिनाई गई है जिनमें भ्रष्टाचार के मामले हैं, गलत निर्णयों के कारण करोड़ों रुपए का घाटा हुआ है । आज हम देख रहे है कि दिल्ली में किस तरह से अपराध बढ़ रहे हैं महिलाओं पर, बालिकाओं पर, लगातार उनकी इज्जत लूटी जा रही है, अस्मत लूटी जा रही है । लेकिन दिल्ली पुलिस क्या कर रही है ? दिल्ली पुलिस मामलों को सलटाती नहीं है, लगातार मामलों को बिना सलटाए रखा जा रहा है ।

श्री एस० बी० चव्हाण : यह सब बात जो आप कह रही है, वह कारपोरेशन के अधिकार में नहीं आता है ।

श्रीमती सरला माहेश्वरी : मैं कारपोरेशन के अधिकार की बात नहीं कर रही हूं, मैं कह रही हूं कि दिल्ली का प्रशासनिक ढांचा कितना सड़-गल गया है ।

श्री मोहम्मद अमीन (पश्चिमी बंगाल) : नागरिक जीवन बर्बाद हो रहा है ।

†شری محمد امین : ناگریک جیون برباد ہو رہا ہے۔

श्रीमती सरला माहेश्वरी : नागरिक जीवन के नाम पर आपने क्या किया ? दिल्ली में करोड़ों-अरबों रुपए खर्च कर दिए ।...

उपसभाध्यक्ष (श्री शंकर दयाल सिंह) : अब आप एक-दो मिनट में कन्क्लूड कर दीजिए ।

श्रीमती सरला माहेश्वरी : आपने जो 30 प्रतिशत स्थान दिए, उसके लिए तो मैंने मंत्री जी का स्वागत किया, लेकिन एक वर्ष के लिए जो मेयर का पद दिया, उसके लिए मैंने विरोध किया । ..(व्यवधान).. महिलाओं के लिए आप कोई दान नहीं दे रहे है और न हमें कोई दान चाहिए । उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं इस बात को कहना चाहती थी कि अभी कुछ दिन पहले मैं पढ़ रही थी कि यह बड़े शहरों की क्या समस्याएं होती हैं । अमेरिका में शिकागो शहर की समस्या मैं पढ़ रही थी कि वहां पर एक व्यवस्था बनाई गई जिसे मशीन फेज और पोस्ट मशीन फेज कहा गया । मशीन फेज के अन्तर्गत देखा गया कि उन्होंने इंटीग्रेटिड एजेंसी बनाई और एक समन्वय समिति के रूप में तमाम जो एजेंसीज थी उनके बीच में समन्वय करके काम चलाया । लेकिन जब पोस्ट मशीन फेज शुरू हुआ तो उसके चलते तमाम धांधलियां शुरू हो गई और रोगर्स ने जो अपनी पुस्तक लिखी — 'Problems of the Management of Big Cities".

उसमें उन्होंने यह बताया कि यह पोस्ट मशीन एरा जब शुरू हुआ तो जो मशीन एरा में समस्याएं थी और जो सुविधाएं थी उन सुविधाओं को तो, उन विकल्प को तो रखा ही नहीं, उस विकल्प के बिना रखे हुए ही उसको खत्म कर दिया गया और फिर जो उस पोस्ट मशीन काल में जो आए उसमें यह देखा गया कि उस काल में लगातार नौकरशाही का दबदबा जारी होता था और आज हम दिल्ली में देख रहे हैं कि इसी तरह एक नहीं एकाधिक एजेंसियां हैं, मल्टीपल एजेंसियां हैं । जनता शिकायतें लेकर जाती हैं, परन्तु उसे कहा जाता है कि हमारे अधिकारों में नहीं है, कोई बोलता हैं कि हमारे अधिकारों का अतिक्रमण कर रहा है, जनता की कहीं सुनवाई नहीं है । स्लम

†[ ] Transcription in Arabic script.

एरिया की जो हालत है, डी० डी० ए० में जिस तरह भ्रष्टाचार चल रहा है उसका तो एक किस्सा मैं खुद जानती हूँ जो मैंने मंत्री जी को दिया भी है । (घंटी)

उपसभाध्यक्ष महोदय, सिर्फ एक-दो मिनट और दे दें । तो मैं यह कहना चाहती हूँ कि दिल्ली में किस तरह भ्रष्टाचार चल रहा है । परसों मैंने यह मामला उठाया कि किस तरह स्लम एरिया कानून के अनुसार यहां रहने वाले लोगों की वैकल्पिक व्यवस्था के बिना हटा नहीं सकते । इसी तरह नाइजीरिया एम्बेसी का मामला है । तो दिल्ली में नागरिकों को सुविधाओं के नाम पर आज वास्तव में कुछ हासिल नहीं हो रहा है । रुपए खर्च किए जा रहे हैं, नौकरशाहों के हाथों खर्च किए जा रहे हैं । मैंने देखा कि सी० ए० जी० की रिपोर्ट में 1984 के दंगा पीड़ितों के लिए 34 लाख रुपये आबंटित किए गए थे । वह 34 लाख रुपये डिप्टी कमिश्नर के आफिस में ही गबन कर दिया गया । उनका कहीं पता नहीं चला । मंत्री जी देखेंगे कि किस तरह से भ्रष्टाचार का बोलबाला दिल्ली के प्रशासनिक ढांचे पर अभी है ।

तो आप जब यह विधेयक लेकर आए हैं तो इस विधेयक से दिल्ली की जनता तो यह आशा करती थी कि इससे वास्तव में जनतंत्र को एक मजबूत पुख्ता स्वरूप मिलेगा, जनतांत्रिक पुख्ता ढांचा आप तैयार करेंगे । लेकिन वास्तव में उपसभाध्यक्ष महोदय, जब मैं इस विधेयक को देखती हूँ और आप तो घंटी पर घंटी बजा रहे हैं । मंत्री जी ने . . . (व्यवधान)

उपसभाध्यक्ष (श्री शंकर दयाल सिंह) : जो समय आपका निर्धारित था सरला जी, देखिए, मजबूर है इस बिल को तुरन्त पास करवाना । बस, आप समाप्त कर दीजिए ।

श्रीमती सरला माहेश्वरी : उससे मैं बिल्कुल सहमत हूँ, उपसभाध्यक्ष जी । कितना मोटा संशोधन विधेयक मंत्री जी लाए हैं और इतने महत्वपूर्ण विधेयक पर कुल डेढ़ घंटे का समय है । फिर भी मैं अपनी बात इस बात के साथ खत्म करना चाहूँगी कि वास्तव में एक बार सिर्फ इस विधेयक के जरिए नौकरशाही और जनतंत्र के बीच में जो रस्साकसी चल रही थी, अभी भी मुझे पूरा संदेह है कि जनतंत्र शायद विजय हो पाएगा या नहीं ? लेकिन फिर भी आशा की किरण मुझे सिर्फ इतनी सी नजर आती है कि कम से कम एक प्रक्रिया तो शुरू होगी, एक जनतांत्रिक प्रक्रिया शुरू होगी और जब जनतांत्रिक प्रक्रिया शुरू होगी तो शायद जनप्रतिनिधि इस जनतांत्रिक प्रक्रिया के शुरू होने से इस विधेयक में जो नकारात्मक पक्ष हैं, वह उन नकारात्मक पक्षों को निरस्त करके सकारात्मक पक्षों को ला सकें । जब जनतंत्र का रक्त प्रवाहित होगा तो शायद मैला अपने आप निकल जाए । इसी बात के साथ मैं अपनी बात समाप्त करती हूँ ।

SHRI VISHVAJIT P. SINGH (Maharashtra) : Mr. Vice-Chairman, I beg to make a request to you. As per the directive of this House, I have gone to the two Committees to which I am elected Member, by virtue of this House itself, the two Committees being the Joint Committee on Copyrights and the Standing Committee on Chemicals and Fertilizers. I have just come from there, after making my submissions. I have made my submissions in brief there and I have rushed back to the House. I request, Mr. Vice-Chairman, that I may be permitted to speak.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SHANKAR DAYAL SINGH) : I have already called your name in your absence. So, at the end, if the Minister permits, I can give you some time.

SHRI VISHVAJIT P. SINGH: My party's time should not be taken away only because I was not here. We will submit another name from the party.

SHRI S. B. CHAVAN : You can speak after Mr. Jagmohan speaks.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SHANKAR DAYAL SINGH) : Shri Jagmohan.

[The Vice-Chairman (Shri Md. Salim) in the chair]

